भूपेन्द्र गुप्ता
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

Bhupender Gupta
Chairman & Managing Director

एसजेवीएन लिमिटेड
SJVN Limited
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
नवरत्न सी.पी.एस.ई.
A Navratna CPSE
CIN: L40101HP1988GOI008409

38वें स्थापना दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

प्रिय एसजेवीनाइट्स,

एसजेवीएन के 38वें स्थापना दिवस के गौरवमयी अवसर पर मैं आप सभी को और आपके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह दिन हमारे विजन, दृढ़ता एवं सामूहिक उत्कृष्टता की कहानी की साझा यात्रा का समारोह है, जिसने एसजेवीएन को भारत के विद्युत क्षेत्र में एक विश्वसनीय कंपनी के रूप में स्थापित किया है।

वर्ष 1988 में एक एकल जलविद्युत परियोजना से लेकर वर्ष 2024 में नवरत्न सीपीएसई बनने तक, एसजेवीएन के क्रमिक विकास में प्रत्येक एसजेवीनाइट की प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। आपकी प्रतिबद्धता ने हमारे परिवर्तन को प्रेरित किया है और हमें भारत के स्वच्छ एवं ग्रीन एनर्जी विजन में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में स्थापित किया है।

पिछले स्थापना दिवस के पश्चात से, हमने 410 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को सफलतापूर्वक कमीशन किया है। इस वर्ष, हमने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जब भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने राजस्थान में 100 मेगावाट की नवा सौर विद्युत परियोजना की आधारशिला रखी। हम बिहार में अपनी 1320 मेगावाट की बक्सर ताप विद्युत परियोजना को कमीशन करने एवं 1000 मेगावाट की बीकानेर सौर विद्युत परियोजना की पूर्ण प्रचालन क्षमता को शीघ्र प्राप्त करने की प्रतिबद्धता के लिए कृतसंकल्प हैं।

भले ही हम गर्व के साथ एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल कर रहे हों, किंतु हमें जिम्मेदार नागरिकों के रूप में बड़ी भूमिका की याद दिलाई जाती हैं। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में, राष्ट्रीय प्रगति में हमारा योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। ऊर्जा सुरक्षा, सततशीलता और आत्मनिर्भरता अब केवल लक्ष्य नहीं रह गए हैं अपितु वे एक सुदृढ़ एवं विकसित भारत के लिए अनिवार्य हैं। आइए, राष्ट्र द्वारा हम पर व्यक्त किए गए विश्वास के मद्देनजर कुशलता से उत्कृष्टता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं।

यद्यपि, हमारा लक्ष्य वर्ष 2030 तक 25,000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50,000 मेगावाट की कंपनी बनने का है, इसलिए, निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर निष्पादित करने के लिए हमें दृढ़संकल्प रहना चाहिए। आइए, हम वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता हासिल करने के भारत के लक्ष्य के साथ अपने प्रयासों को संरेखित करना जारी रखें।

मुझे पूरा विश्वास है कि अपने जुनून, निष्पादन एवं उद्देश्य की एकता के साथ हम न केवल अपेक्षाओं को पूरा करेंगे अपितु उनसे भी आगे निकल जाएंगे। आइए, हम इस दिन को न केवल इस बात की याद दिलाने के लिए मनाएं कि हमने क्या हासिल किया है, अपितु इस बात की पुष्टि के लिए भी मनाएं कि हम क्या बनना चाहते हैं।

एसजेवीएन की विरासत के गौरवशाली धारक के रूप में हमें सीमाओं से आगे बढ़ते रहना चाहिए। आपको और आपके परिजनों को 38वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद!

-हस्ता-
(भूपेन्द्र गुप्ता)

कारपोरेट मुख्यालयः शक्ति सदन, शनान,
शिमला-171006 (हि.प्र.) www.sjvn.nic.in
फोनः +91-177-2660010 फैक्सः +91-177-2660011
सम्पर्क कार्यालयः ऑफिस ब्लॉक,
टावर-1, 6वीं मंजिल, एनबीसीसी कॉम्प्लेक्स,
पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023
फोनः 91-11-61901801, फैक्सः 91-11-61901802
ई-मेलः sectt.cmd@sjvn.nic.in

Corporate H.Q.: Shakti Sadan, Shanan,
Shimla-171006 (HP) ***www.sjvn.nic.in***
Tele: 91-177-2660010, Fax: 91-177-2660011
Liaison Office: Office Block, Tower-1, 6th Floor,
NBCC Complex, East Kidwai Nagar,
New Delhi-110023
Tele: 91-11-61901801, Fax: 91-11-61901802
E-mail: ***sectt.cmd@sjvn.nic.in***

आपने तथा राष्ट्र के हित में ऊर्जा की बचत करें

SAVE ENERGY FOR BENEFIT OF SELF AND NATION